तापमान

अधिकतम 42.0 डिग्री
न्यूनतम 28.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, शुक्रवार 29 मई 2026

इंडस स्कूल के कैडेट्स का शिविर में उत्कृष्ट.... 10



मोतीलाल स्कूल की सेपलिंग शाखा में मनाया... 10



## खबर संक्षेप

### जानलेवा हमला करने के दो आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** उचाना थाना पुलिस ने गांव छात्तर में हुई मारपीट व जानलेवा हमला करने के दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपितों की पहचान गांव के ही ओमप्रकाश उर्फ पप्पड़ व गोविंद के रूप में हुई है। उचाना थाना प्रभारी दिलबाग सिंह ने बताया कि गांव छात्तर निवासी देवीराम ने गत 24 अप्रैल को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसकी गांव के ही ओमप्रकाश परिवार से रंजिश चली आ रही है। उसी रंजिश के चलते ओमप्रकाश परिवार ने उस पर हमला कर दिया।

### युवक से मारपीट करने पर पांच के खिलाफ केस

**जींद।** गांव मनोहरपुर में अपने मामा के यहां आए युवक पर कुछ युवकों ने हमला कर घायल कर दिया। सदर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर पांच युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव राखीगढ़ी निवासी रामप्रवेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने मामा के यहां आया हुआ है। गत दिवस वह खेलने के लिए सरकारी स्कूल की तरफ जा रहा था। उसी दौरान गांव मनोहरपुर निवासी सिंदर व उसके साथियों ने उस पर हमला कर दिया।

### नोटों की माला व दान पात्र से नकदी गायब

**जींद।** गांव बिघाना खेत में बने मंदिर का ताला तोड़ कर मूर्तियों से नोटों की माला, श्रृंगार का सामान तथा दान पात्र से नगदी को चोरी कर लिया। अलेवा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव बिघाना निवासी प्रेमपाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने खेत में बाबा राजपुरी का मंदिर बनाया हुआ है। जिसमें मूर्तियों पर नोटों की माला तथा श्रृंगार किया गया था। साथ दान पात्र भी रखा गया था।

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, शिकायत दर्ज

**जींद।** शीतल पुरी कालोनी से युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर शहर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शीतलपुरी कालोनी निवासी व्यकित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसका 21 वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी बेटी का कोई सुराग नही लगा। शहर थाना पुलिस ने व्यकित की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### छोटा फॉर व्हीलर चोरी मामले में आरोपी काबू

**कैथल।** पीओ पकड़ो स्टॉफ प्रभारी एसआई ओमप्रकाश की अगुवाई में एसआई सतीश कुमार द्वारा आरोपी अर्जुन नगर कैथल निवासी बिट्टू को गिरफ्तार किया गया। आरोपी पर थाना शहर क्षेत्र बैंक कॉलोनी कैथल से 12/13 जुलाई की रात को शिकायतकर्ता के घर से एक फॉर व्हीलर चोरी करने का आरोप है। जिस बारे थाना शहर में मामला दर्ज है। उक्त मामले में आरोपी न्यायालय से जमानत हासिल करने उपरांत न्यायालय में हाजिर नहीं हुआ। जिसे माननीय न्यायालय द्वारा 12 मई को पीओ घोषित किया था।

### कैथलः हत्या करने के मामले में आरोपी काबू

**कैथल।** गांव धनौरी में एक व्यक्ति की हत्या करने के मामले में चौकी संगतपुरा प्रभारी पीएसआई मन्नू की टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी गांव धनौरी निवासी जगन्नाथ को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव कुराड के सोनू कि शिकायत अनुसार उसका मामा गांव धनौरी निवासी शमशेर बाबा का चोला धारण कर रहता था तथा मांग कर अपना गुजारा करता था। 23/24 मई की रात गांव धनौरी निवासी जगन्नाथ उर्फ जगन व उसका मामा शमशेर कमरे में बैठकर शराब पी रहे थे।

# आसमान से बरसी राहत : तेज आंधी के साथ बारिश ने दिलाई गर्मी से निजात

## न्यूनतम तापमान चार डिग्री तो अधिकतम तापमान दो डिग्री लुढ़का, तेज आंधी के कारण बिजली गुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से मौसम ने वीरवार शाम को करवट ली और तेज आंधी के साथ बारिश ने गर्मी से निजात दिलाई। दिन में पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते आकाश मे जमा धूल के साथ बादल भी दिखाई दिए। हवा की गति भी कुछ कम रही। जिसके चलते धूल भरी हवा चलने के आसार बने रहे और करीब छह बजे के बाद तेज आंधी के साथ बरसात ने लोगों को तपती गर्मी से राहत दिलाई। तापमान में भी हलकी गिरावट दर्ज की गई। वीरवार को अधिकतम तापमान 42 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 26 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 30 प्रतिशत तथा हवा की गति 13 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटों के दौरान धूल भरी के साथ बारिश की संभावना बनी है। जिससे तापमान मे गिरावट आएगी और गर्मी से भी राहत मिलने की संभावना है।44 डिग्री के आसपास चल रहे तापमान के चलते भीषण गर्मी से परेशान लोगों को अब कुछ राहत मिलने जा रही है। एक जून तक मौसम परिवर्तनशील बना रहेगा।



### एक जून तक मौसम परिवर्तनशील

मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया की पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से मौसम मे बदलाव आया है। एक जून तक मौसम परिवर्तनशील बना रहेगा। धूल भरी हवा के साथ चलने और बारिश की भी संभावना बन रही है। जिससे तापमान में भी गिरावट आएगी और गर्मी से भी राहत मिलेगी।

### गर्मी से राहत मिली

वीरवार को दिन का आगाज सुहाने मौसम के साथ हुआ। चुभने वाली सुर्य की किरणों का मिजाज कुछ हल्का रहा। हवा भी ज्यादा गर्म नही रही। रात को तापमान 30 डिग्री पार जा रहा था। जब जबकि वीरवार को न्यूनतम तापमान लुढक कर 26 डिग्री पर आ गया।जबकि अधिकतम तापमान में भी दो डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। हवा की गति भी अपेक्षाकृत कम और कुछ नरम रही। दोपहर को मौसम ने करवट लेनी शुरू कर दी थी। जिससे शाम को भी कुछ गर्मी से राहत मिली।

जिसके चलते अगले दो दिन बारिश तथा बूंदाबांदी के आसार बन रहे हैं। हालांकि धूल भरी हवा चलने की भी संभावना बनी है। जिससे लोगों को भीषण गर्मी तथा लू से राहत मिलेगी। तापमान में भी गिरावट आएगी। मौसम सुहाना बना रहेगा। फसलों को भी फायदा पहुंचेगा।

## सड़क पर फैले कबाड़ के कारण कैंटर अनियंत्रित, ड्राइवर फरार

# कैंटर चालक ने मां-बेटी को कुचला, महिला ने तोड़ा दम

### गंभीर हालत को देखकर डॉक्टरों ने बच्ची को पटियाला रेफर किया

**गुरुद्वारा साहिब से माथा टेककर घर लौट रही थी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

गुहला-चीका में तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। गुरुद्वारा साहिब से माथा टेककर घर लौट रही मां-बेटी को तेज रफ्तार कैंटर चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में 35 वर्षीय महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी 10 वर्षीय बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल बच्ची को प्राथमिक उपचार के बाद पटियाला रेफर किया गया है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कई महिलाएं गुरुद्वारा साहिब से पैदल अपने घर लौट रही थीं। इसी दौरान तेज गति से आ रहा एक कैंटर सड़क किनारे फैले कबाड़ से टकराकर अनियंत्रित हो गया। चालक ने वाहन संभालने की कोशिश की, लेकिन कैंटर सड़क किनारे चल रही मां-बेटी को कुचलते बिजली के खंभे से जा टकराया। हादसा इतना भीषण था कि महिला की मौके पर ही मौत हो गई। मृतका की पहचान वार्ड नंबर-10, सलीमपुर निवासी 35 वर्षीय पूजा देवी के रूप में हुई है। वहीं उनकी 10 वर्षीय बेटी हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायल बच्ची को सरकारी अस्पताल गुहला पहुंचाया, जहां से डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए पटियाला रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि बच्ची के बाजू में गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद स्थानीय लोगों में भारी रोष देखने को मिला। लोगों का आरोप है कि सड़क किनारे संचालित कबाड़ की दुकान के बाहर लंबे समय से अवैध रूप से कबाड़ फैला हुआ था। इसी कबाड़ से बचने के प्रयास में कैंटर चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस संबंध में पहले भी कई बार शिकायतें की थीं, लेकिन प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की। हादसे के बाद कैंटर चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही गुहला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने कैंटर को कब्जे में ले लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि फरार चालक की तलाश की जा रही है। साथ ही सड़क पर कबाड़ फैलाने वाले दुकानदार के खिलाफ भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



गुहला-चीका। हादसे के बाद क्षतिग्रस्त कैंटर। फोटो :हरिभूमि

### परिवार में मातम का माहौल

हादसे की सूचना मिलते ही मृतका के परिजनों में चीख-पुकार मच गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं क्षेत्र के लोगों ने प्रशासन से सड़क किनारे अवैध अतिक्रमण और कबाड़ दुकानों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह के हादसों को रोका जा सके।

### बाइक की चपेट में आने से बुजुर्ग की जान गई

**कैथल।** करनाल रोड पर शुगर मिल के पास अज्ञात बाइक चालक की टक्कर से बुजुर्ग की मौत हो गई। सिविल लाइन थाना पुलिस ने एक प्रत्यक्षदर्शी के बयान पर अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में ग्योंग निवासी संदीप पुत्र भान ने बताया कि 23-24 मई की रात गांव के पूर्व सरपंच विक्रम सिंह के घर कार्यक्रम था। रात को सामान लेने के लिए कैथल जा रहा था तो बाइक चालक तेज रफ्तार में कैथल की ओर जा रहा था। उसके देखते ही देखते तेज रफ्तार बाइक चालक ने सड़क पर पैदल जा रहे करीब 65 साल के बुजुर्ग को टक्कर मार दी।

### ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

**कैथल।** ढांड के पंचमुखी चौक के पास तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद आरोपी चालक ट्रक सहित फरार हो गया। ढांड थाना पुलिस ने मृतक की मां की शिकायत पर ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में ढांड निवासी अनिता देवी ने बताया कि उनका 25 साल बेटा हर्ष फ्लेक्स बोर्ड और इमीग्रेशन का काम करता था, जिससे परिवार का पालन-पोषण होता था। 26 मई की रात करीब 9:30 बजे हर्ष हनुमान मंदिर में छोड़कर अपनी बाइक पर घर लौट रहा था।



बीडीपीओ कार्यालय में सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते ग्रामीण सफाईकर्मी।

## बीडीपीओ कार्यालय में ग्रामीण सफाई कर्मचारियों का धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना कस्बे के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी (बीडीपीओ) कार्यालय में ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने मांगों को लेकर धरना शुरू कर दिया। धरने के दौरान कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते रोष प्रकट किया। धरने की अध्यक्षता रिटायर्ड कर्मचारी संघ के खंड प्रधान ईश्वर ठाकूर ने की। धरने को संबोधित करते ईश्वर ठाकूर ने कहा कि सरकार लगातार कर्मचारियों के हितों की अनदेखी कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सफाई कर्मचारी लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं लेकिन सरकार उनकी समस्याओं का समाधान करने में गंभीरता नहीं दिखा रही। कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था को सुचारू रखने में सफाई कर्मियों की अहम भूमिका होती है, इसके बावजूद उन्हें उचित वेतन और सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। कर्मचारियों ने मांग उठाई कि कच्चे कर्मचारियों को जल्द पक्का किया जाए तथा न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपये प्रति माह लागू किया जाए। इसके अलावा कर्मचारियों को समय पर वेतन देने की भी मांग की गई। कर्मचारियों का कहना है कि कई बार वेतन में देरी होने के कारण उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### पंचायत मंत्री के आवास पर विरोध प्रदर्शन कल

**जींद।** ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की हड़ताल 14वें दिन भी जारी रही और जींद के लघु सचिवालय पर धरने पर बैठे। धरने की अध्यक्षता पिल्लूखेड़ा ब्लॉक प्रधान कपूर सिंह व सफीदों ब्लॉक प्रधान दर्शन ने संयुक्त रूप से की। जबकि संचालन जिला सचिव पवन कुमार ने किया। कर्मचारी नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द मांगों का समाधान नहीं किया तो 30 मई को पंचायत मंत्री कृष्ण पंवार के आवास मतलोडा व 31 मई को डिप्टी स्पीकर कृष्ण मिड्ढा के आवास पर ग्रामीण सफाई कर्मचारी प्रदर्शन करेंगे तथा आंदोलन को पूरे हरियाणा में और तेज किया जाएगा। सीटू जिला उपाध्यक्ष कपूर सिंह ने कहा कि 19 वर्षों से ग्रामीण सफाई कर्मचारियों का लगातार शोषण किया जा रहा है।

### छह लाख रुपये का चूना लगाया, अज्ञात पर केस

**जींद।** आस्ट्रेलिया में रह रहे युवक को पकड़े जाने तथा छुड़वाने का झांसा देकर साइबर ठगों ने एक व्यकित को छह लाख छह हजार रुपये का चूना लगा दिया। साइबर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव अलेवा निवासी सतीश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह शिक्षा विभाग नगूरां में ड्यूटीरत है। उसका चचेरा भाई रणबीर अस्ट्रेलिया में रह रहा है। गत 14 मई को उसके मैसेंजर पर रणबीर की फेसबुक आईडी से हैलो आया। कुछ देर चैटिंग हुई। जिसके बाद खाता नंबर व व्हाट्सअप नबर मांगा। जिसके बाद उसके मैसेंजर पर नौ लाख 45 हजार रुपये उसके खाते में भेजने की रसीद आई। फिर उसने कहा कि उसके ट्रेवल एजेंट की व्हाट्सअप पर कॉल आएगी और उसकी नबर भी दिया।

## कीमती उपकरण और तार चुराने वाले गिरोह के दो आरोपी दबोचे

- किसानों के लिए सिर दर्द बन चुका था चोर गिरोह, मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

किसानों के लिए सिर दर्द बन चुका खेतों से कीमती उपकरण व तारें चोरी करने वाले गिरोह के दो आरोपितों को अलेवा थान पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

पुलिस गिरफ्तार किए गए आरोपितों से चोरी की अन्य वारदातों के बारे में पूछताछ कर रही है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान गांव नगूरां निवासी अरविंद उर्फ कचोरी तथा नरेश के रूप में हुई है। अलेवा थाना प्रभारी उपनिरीक्षक आत्माराम ने गुरूवार को जानकारी देते हुए बताया कि गांव नगूरां निवासी जीवन ने गत 26 मई को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि बीती रात उसके खेत से टयूबवैल से बिजली की तार चोरी हो गई थी। दिन में वह खेत में जा रहा था तो उसे खेत में संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया। जब उन्होंने व्यक्ति को पकड़ा तो उसने अपना नाम कचौरी बताया। जिसने स्वीकार किया कि उसने रात को केबल को चोरी किया था। आधी को वह ले गया था जबकि आधी को वह लेने आया था। आरोपित ने स्वीकार किया कि गांव के ही उदयवीर के साथ मिल कर चोरी की वारदातों अंजाम दे रहा है।

# ऑनलाइन गेमिंग और निवेश के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

- 40 हजार बरामद, ड्रीम इलेवन में मोटा मुनाफा कमाने का झांसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

साइबर थाना पुलिस ने ऑनलाइन गेमिंग के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित के कब्जे से पुलिस ने 40 हजार रुपये भी बरामद किए हैं। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। साइबर क्राइम थाना के प्रभारी जगदीप सिंह ने गुरूवार को जानकारी देते बताया कि सफीदों निवासी विकास ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह ड्रीम इलेवन पर क्रिकेट टीम बनाकर गेम खेलता था। इसी दौरान उसके मोबाइल नंबर पर एक व्यक्ति द्वारा कॉल कर स्वयं को ड्रीम इलेवन कंपनी का कर्मचारी बताया गया तथा टीम बना कर अधिक मुनाफा करवाने का झांसा दिया गया। जिसमें उन्होंने व्हाट्सअप पर फर्जी कार्यालय, टीम निर्माण व अन्य स्क्रीन शॉट भेजे तथा अलग-अलग बहानों से विभिन्न यूपीआई आईडी व बैंक खातों में कुल एक लाख 78 हजार 480 रुपये ट्रांसफर करवाए। जब उन्होंने लगातार अन्य चार्ज के नाम पर पैसे मांगे जाने लगे तो उसे ठगी का अहसास हुआ। जिस पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया था। पुलिस जांच में भरतपुर (राजस्थान) निवासी जसवंत का नाम सामने आया था। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।



## जिलेभर में धूमधाम से मनाया ईद उल अजहा (बकरीद) पर्व

# नमाज अदा कर अल्ला से मांगी अमन-चैन की दुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिलेभर में गुरूवार को ईद उल अजहा (बकरीद) पर्व श्रद्धा एवं विश्वास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर इस्लाम धर्म के अनुयायियों ने हांसी ब्रांच नहर के निकट जामा मस्जिद ईदगाह में नमाज अदा करके अल्ला ताला से बरकत तथा अमन चैन की की दुआ मांगी। इस अवसर पर मेले का भी आयोजन किया गया। मस्जिद के बाहर खिलौनों, मिठाईयों, चाट पकौड़ी की दुकाने सजाई गई थी। नमाज अदा करने के बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने जम कर खरीददारी की व एक दूसरे को ईद की बधाई दी। ईद-उल-जुहा (बकरीद) पर्व को देखते हुए ईदगाह के निकट पुलिस बल तथा खुफिया एजेंसियों के लोगों ने लगातार निगाहें जमाए रखी। हांसी ब्रांच नहर के निकट ईदगाह, हजुर मस्जिद नरवाना में इमाम महोमद रफीक के नेतृत्व में ईद-उल-जुहा (बकरीद) पर नमाज अदा करने के लिए इस्लाम धर्म के अनुयायी गुरूवार सुबह से ही ईदगाह में जमा होना शुरू हो गए थे। हजारों की संख्या में मुसलमानों ने नवाज अदा की तथा सदका, फितरा, जकात जमा कराई, वहीं गरीबों को दान दिया। जामा मस्जिद के इमाम ने मुस्लिम समुदाय के लोगों को नमाज पढ़ाई तथा भाइचारे को मजबूत करने व विश्व शांति, कौमी एकता की दुआ अल्लाताला से मांगी। इस मौकेपर उन्होंने कुरान की आयतें पढ़ीं।



जींद। नमाज अता करते मुस्लिम समाज के लोग। फोटो :हरिभूमि

### भाईचारा बढ़ाने का दिया संदेश

ईद के त्योहार पर मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा विश्व में अमन चैन की दुआ मांगी गई। जामा मस्जिद हथो में इमाम मुहम्मद याकिब ने अपने भाषण में हिंदू, मुस्लिम, सिख समाज को भाईचारा बढ़ाने का संदेश दिया। ईद का त्यौहार हमें भाईचारे का संदेश देता है, जिससे मिल जुल कर रहने की प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर मेले का भी आयोजन किया गया। मस्जिद के बाहर खिलौनों, मिठाइयों, चाट पकौड़ी की दुकाने सजाई गई थी। नमाज अदा करने के बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने जमकर खरीददारी की व एक दूसरे को ईद की बधाई दी। नुर मस्जिद दनौदा कलां में इमाम अब्दुल रज्जाक ने बताया कि यह त्यौहार हजरत इब्राहिम व इस्माइल की याद में मनाया जाता है। यह त्यौहार आपसी भाईचारे का त्यौहार है। इसके बाद नमाज अदा की और सबने आपस में ईद मुबारकबाद दी। देश में तरक्की व अमन चैन के लिए विशेष दुआ मांगी गई।



पैक्स कार्यालय के कमरे की छत और दीवारों में आई गहरी दरारें हादसे का बढ़ता खतरा।

### गहरी दरारों के बीच काम करने को मजबूर कर्मचारी

**राजौंद।** राजौंद स्थित पैक्स कार्यालय के एक कमरे में पड़ी बड़ी-बड़ी दरारों ने कर्मचारियों की चिंता बढ़ा दी है। भवन की दीवारों और छत में आई गहरी दरारों के कारण कर्मचारी खतरे के साए में काम करने को मजबूर हैं। कर्मचारियों ने बताया कि कार्यालय के साथ लगते जोहड़ का पानी अक्सर ओवरफ्लो होकर भवन के आसपास भर जाता है। लंबे समय से जलभराव की समस्या बनी हुई है, जिसके कारण भवन की नींव और दीवारों पर असर पड़ा है। परिणामस्वरूप एक कमरे में छत और दीवारों में चौड़ी दरारें साफ दिखाई दे रही हैं।कर्मचारियों का कहना है कि कई बार संबंधित विभाग को इस बारे में अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। उनका कहना है कि यदि समय रहते मरम्मत और जलनिकासी की उचित व्यवस्था नहीं की गई तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन से मांग की है कि पैक्स कार्यालय भवन की तत्काल जांच कर आवश्यक मरम्मत कार्य कराया जाए।

## खबर संक्षेप

### युवा विज्ञान रत्न अवार्ड के लिए नामांकन आमंत्रित

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि हरियाणा विज्ञान, नवाचार एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले वैज्ञानिकों को सम्मानित करने के लिए हरियाणा विज्ञान रत्न अवार्ड और हरियाणा युवा विज्ञान रत्न अवार्ड के लिए नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। पात्र व्यक्ति आगामी 31 जुलाई तक आवेदन कर सकते है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026 के लिए घोषित इन पुरस्कारों के तहत हरियाणा विज्ञान रत्न अवार्ड में चयनित वैज्ञानिक को पांच लाख रुपये की नकद राशि प्रशस्ति पत्र और ट्रॉफी प्रदान की जाएगी।

### चंद्रपाल ने उचाना थाना प्रभारी का चार्ज संभाला

**उचाना।** उचाना थाना प्रभारी के तौर पर चंद्रपाल ने कार्यभार संभाला। यहां से थाना प्रभारी दिलबाग सिंह का तबादला गढ़ी थाना में हो गया। चंद्रपाल ने आमजन से अपील की कि खेतों में बिजली की तार चोरी होने की घटना को रोकने के लिए पुलिस का सहयोग करें। कोई भी संदिग्ध व्यक्ति अगर नजर आए तो तुरंत उसकी सूचना पुलिस को दे। कोई भी नशा बेचता अगर नजर आए तो उसकी सूचना भी तुरंत पुलिस को दे। सभी के सहयोग से चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने के साथ-साथ नशा बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।

### भाजपा की राजनीति को किया बृजेंद्र ने बेनकाब

**उचाना।** कांग्रेस नेता हरेंद्र सिंह ने कहा कि सदभाव यात्रा के माध्यम से पूर्व सांसद एवं कांग्रेस नेता बृजेंद्र सिंह ने भाजपा की नफरत की राजनीति को बेनकाब करने का काम किया। सदभाव का संदेश प्रदेश के सभी हलकों में पैदल यात्रा के माध्यम से देने का काम किया। सदभाव जो भाजपा ने वोटों की राजनीति के लिए चलते प्रदेश में समाप्त करने का काम किया उसको दोबारा से कायम करने के लिए सदभाव का संदेश लेकर बृजेंद्र सिंह निकले थे।

### रजबाहा रोड पर लगाई मीठे पानी की छबील

**उचाना।** रजबाहा रोड पर कपास मंडी गेट के पास युवाओं ने एकत्रित होकर ठंडे मीठे पानी की छबील लगाई। निरंतर बढ़ रहे तापमान के बाद से जगह-जगह ठंडे मीठे पानी की छबील लगा कर राहगीरों, वाहन चालकों की प्यास बुझाई जा रही है। युवा रीतिक ने कहा कि हर किसी को चाहिए कि वो गर्मी के मौसम में ठंडे मीठे पानी की छबील लगा कर राहगीरों, वाहन चालकों की प्यास बुझाने का काम करें। प्यासे को पानी पिलाने से बड़ा कोई पुण्य नहीं है। जगह-जगह लोग गर्मी में पानी के कैंपर भी रखते है।

### गुरु रविदास धर्मशाला में रक्तदान शिविर तीन को

**जींद।** आगाती तीन जून को गुरु रविदास धर्मशाला में रक्तदान शिविर का आयोजन युवा विकास समिति जींद द्वारा किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष एवं जिला युवा पुरस्कार विजेता प्रदीप रेढू ने बताया कि रक्तदान शिविर में ज्यादा से ज्यादा युवा पहुंच कर रक्तदान करेंगे। क्योंकि रक्तदान से किसी जरूरतमंद व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। इसीलिए हमें समय-समय पर रक्तदान करते रहना चाहिए। समिति के महासचिव विनोद शर्मा ने बताया कि यह रक्तदान शिविर सुबह नौ से एक बजे तक चलेगा।

### सर्वसम्मति से कपिल मलिक प्रधान मनोनित

**जींद।** अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ हरियाणा की बैठक सफीदों डिवीजन के मंदिर प्रांगण में आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता प्रधान संजय सैनी ने की। जबकि मंच का कुशल संचालन डिवीजन सचिव ललित वर्मा द्वारा किया गया। बैठक में विशेष रूप से प्रदेश कार्यकारिणी से सचिव लोकेश, जिला जींद के अध्यक्ष मोती मोर मौजूद हरे। इस बैठक का उद्देश्य सफीदों सब अर्बन की नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से चयन करना रहा। बैठक में सर्वसम्मति से प्रधान कपिल मलिक, उप प्रधान विजेंद्र, सचिव राजवीर सिंह, सहसचिव अनिल निम्नाबाद, कैशियर मनीष लॉरेंस, संगठन कर्ताराजेंद्र को मनोनित किया गया।

## नवोदय विद्यालय खूंगा कोठी में 10 दिवसीय शिविर लगाया

# इंडस स्कूल के कैडेट्स का शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन

### ड्रिल, फायरिंग, खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियों में लिया भाग

एएनओ लेफ्टिनेंट कुमारी पिंकी को स्वश्रेष्ठ पुरस्कार से सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हाल ही में नवोदय विद्यालय खूंगा कोठी में 10 दिवसीय शिविर राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) का आयोजन किया गया। जिसमें इंडस पब्लिक स्कूल जींद के सीनियर और जूनियर कैडेट्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं यूनिट का नाम रोशन किया। इस शिविर में इंडस स्कूल एएनओ लेफ्टिनेंट कुमारी पिंगी और एएनओ सैकेंडर ऑफिसर सुखवीर सिंह ढांडा ने अहम भूमिका निभाई। शिविर के दौरान कैडेट्स ने ड्रिल, फायरिंग, खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियों में बढ़-चढ़ कर भाग लेते हुए अनुशासन में भी सर्वोच्च स्थान बनाए रखा। कैडेट्स की मेहनत, टीम वर्क और अनुशासन की सभी अधिकारियों द्वारा सराहना की गई। कई कैडेट्स ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया। शिविर में कैडेट्स का को नेतृत्व, आत्मविश्वास और देशभक्ति की भावना से जुड़े महत्वपूर्ण प्रशिक्षण दिए गए। एएनओ, सीटीओ एवं विद्यालय प्रशासन ने सभी कैडेट्स को उनके बेहतर प्रदर्शन के लिए स्मति चिन्ह देकर सम्मानित किया और बधाई दी। उन्होंने भविष्य में भी प्रकार के उत्कृष्ट कार्य करने के लिए कैडेट्स को प्रेरित किया। इंडस स्कूल एएनओ लेफ्टिनेंट कुमारी पिंकी को स्वश्रेष्ठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कैडेट्स लाइन ऐरिया में भी इंडस पब्लिक स्कूल जींद के कैडेट्स को सर्वश्रेष्ठ ट्राफी से सम्मानित किया गया। बैस्ट कैडेट अनुव्रत को 15 एचआरबी एनएनसी सीके सीओ जगजोत सिंह डोड़ी ने कैप पहना कर सम्मानित किया। इस 10 दिवसीय शिविर में जूनियर और सीनियर कैडेटस ने विभिन्न गतिविधियों टग ऑफ वार, कबड्डी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, रेस, आर्टिकल लेखन, पोस्टर मेकिंग, वालीवाल, टैंट पिचिंग, थ्रोबाल, टेबल ड्रील, पेंटिंग, फ्लैग एरिया में भी स्वर्ण पदक, रजत पदक, कांस्य पदक और कैप आदि पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।



जींद। कैडेट्स को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

#### जीवन को बेहतर बनाने का माध्यम

स्कूल प्राचार्या अरूणा शार्म ने सभी विद्यार्थियों को प्रेरित करते कहा कि एनसीसी एक गतिविधि ही नही बल्कि जीवन को बेहतर बनाने का माध्यम है। यह विद्यार्थियों को सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण के साथ-साथ शारीरिक रूप सेभी स्मृद्ध करता है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक सेवा, नेतृत्व क्षमता और नैतिक मूल्यों का विकास करना है। शिविर का विषय स्वच्छता, स्वास्थ्य और सतत विकास रखा गया है, जो समाज की वर्तमान आवश्यकताओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर केंद्रित है।

## जुलाना विधायक के दूषित पानी की निकासी का मुद्दा उठाने पर भी नहीं हुआ समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना कस्बे के मैन बाजार में गंदे पानी की निकासी की समस्या लगातार गंभीर बनी हुई है। निकासी व्यवस्था ठप होने के कारण दुकानदारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दुकानों के आगे करीब एक से डेढ़ फीट तक गंदा पानी जमा रहने से दुकानदार नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। बाजार में आने वाले ग्राहकों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे व्यापार पर सीधा असर पड़ रहा है। नरेंद्र ढांडा, सुरेश, बीरभान आदि दुकानदारों का कहना है कि यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है। बरसात के दिनों में स्थिति और भी ज्यादा खराब हो जाती है। सड़क पर गंदा पानी जमा रहने से बदबू फैलती रहती है और मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ गया है। दुकानदारों ने बताया कि कई बार नगरपालिका और संबंधित अधिकारियों को समस्या से अवगत करवाया जा चुका है लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं किया गया। बीते विधानसभा सत्र में जुलाना की विधायक विनेश फोगाट द्वारा भी इस समस्या को विधानसभा में प्रमुखता से उठाया गया था। विधायक ने बाजार की निकासी व्यवस्था सुधारने और लोगों को राहत देने की मांग की थी। इसके बावजूद हालात जस के तस बने हुए हैं। दुकानदारों का आरोप है कि प्रशासन केवल आश्वासन देने तक सीमित है, जबकि धरातल पर कोई कार्य नहीं हो रहा।





जींद। बैठक में भाग लेते जेसीआई एल्युमिनी सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### हर्बल पार्क में मुफ्त चिकित्सा शिविर सात जून को

**जींद।** जेसीआई एल्यूमिनी की मासिक बैठक जेसी रीजन चेयरमैन प्रमोद गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक का उद्देश्य संस्था की जून माह की गतिविधियों को लेकर रूपरेखा तैयार करना था। मीटिंग में जोन चेयरमैन प्रदीप शर्मा, रीजन सचिव मुकेश, रीजन वाइस चेयरमैन प्रवीण गौतम, अभिषेक बंसल, रोहित जिंदल, डायरेक्टर पवन सिंगला, आयुष, सह सचिव सचिन बडाला, राहुल, चंद्रभान, डा. जितेन्द्र पाल, दीपक ढींगड़ा, प्रवीण सैनी ने कई तरह की सोशल कार्यों को करने बारे अपनी-अपनी राय रखी। बैठक में गहन मंथन के बाद जून माह में करीब चार सोशल कार्यों बारे अंतिम मोहर लगाई गई और रूपरेखा तैयार की गई। जिसमें जेस आई एल्यूमिनी क्लब जींद सात जून को हर्बल पार्क जींद में मुफ्त चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही तुलसी बगीची नाम से शहर के 10 पार्कों में पौधा रोपण अभियान भी क्लब द्वारा चलाया जाएगा। क्लब के पीआरओ अशोक खर्ब ने बताया कि एक हजार तैयार फलदार पेड़ शहर के विभिन्न पार्कों में जहां क्लब के सदस्य समय-समय पर उनकी देखभाल कर सकें, ऐसे पार्कों का चयन कर उनमें रोपित करेगा।

### विधायक देवेंद्र की सादगी के आमजन में चर्चे

**उचाना।** भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री की सादगी के चर्चे आज आमजन है। हर रोज विधायक अपने आवास पर 200 से 300 लोगों से रूबरू होते है। गुरूवार को उनके आवास पर पहुंचे कार्यकर्ता मिलने के लिए उनके ड्राइंग रूप में पहुंच गए। कार्यकर्ता यहां पर सोफे पर बैठ गए तो विधायक कार्यकर्ताओं के बीच पहुंच कर प्लास्टिक की कुर्सी पर बैठ गए। इस तरह की सादगी विधायक के आमजन, कार्यकर्ताओं में चर्चे है। मोना घसो, सत्यवान दुर्जनपुर, रमेश राणा, अनिल झील, रोहताश खटकड़ ने कहा कि पहले जो विधायक थे उनसे मिलने के लिए दिल्ली, चंडीगढ़ जाना पड़ता था। वहां जाकर मिलने के लिए कई घंटे इंतजार करना पड़ता था। लाइनों में लगकर मिलना पड़ता था। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री से मिलना मुश्किल नहीं है।

### साइबर फ्रॉड के खिलाफ किया प्रेरित

**नरवाना।** पुलिस अधीक्षक जींद कुलदीप सिंह के कुशल दिशा निर्देशन में जींद पुलिस कि नशा मुक्ति टीम ने हार्टोन कंप्युटर सैंटर नरवाना में नशे के दुष्प्रभाव, साईबर फ्रॉड, व यातायात नियमों व तीन नए कानूनों के बारे में जागरूक किया गया। इस अवसर पर हार्टोन कम्प्युटर सेंटर नरवाना के सचांलक अनील कुमार अपने स्टाफ सहित, नशा मुक्ति टीम के इचांर्ज नरेश कुमार अपनी टीम सहित तथा काफी सख्या में विद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे। विद्यार्थीयों को साइबर अपराध के खतरों से अवगत कराया। विद्यार्थियों को बताया कि वे किसी के साथ ओटीपी सांझा ना करे, अपना पूरा पता, गोपनीय बैंक डिटेल किसी के साथ साझा ना करे। एपीके फाईल डाउनलोड ना करे इससे अपका मोबाईल हैक या बैकिंग फ्रॉड हो सकता है फर्जी लॉटरी जितने का लालच देकर टैक्स या प्रोसेसिंग फीस के नाम पर धोखाधडी हो सकती है।



बच्चों को नशा और साइबर अपराधो से दूर रहने की शपथ दिलवाते हुए।



नरवाना। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा चलाए जा रहे जागरूक करने के उद्देश्य से संबोधित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### किसान जागरूकता कार्यक्रम

**नरवाना।** भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत संचालित क्षेत्रीय एकीकृत नाशी जीव प्रबंधन केंद्र, फरीदाबाद की क्षेत्रीय प्रमुख एवं उपनिदेशक डा. वंदना पांडेय के निर्देशन में, जिला कृषि विभाग, जींद के उपनिदेशक डा. गिरीश नागपाल और डॉ. ईश्वर दत्त के सहयोग से महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। किसान सभा और बीज उपचारः जींद जिले के उचाना ब्लॉक के गांव करसिधू में किसानों के लिए सभा की गई। इस दौरान फसलों में बीज उपचार के महत्व पर जोर दिया। किसानों को ट्राइकोडर्मा और जैव कीटनाशक वितरित किए ताकि धान की फसल को पिछले वर्ष होने वाले बौना रोग और अन्य कीटों/बीमारियों से बचाया जा सके। कीट प्रबंधन और सुरक्षाः किसानों को कीटनाशकों के सुरक्षित एवं विवेकपूर्ण उपयोग के साथ-साथ यांत्रिक और जैव-कीटनाशक उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई।

### छात्रा मुस्कान सम्मानित

**जींद।** डिफेंस कालोनी के राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा मुस्कान पुत्री फकीर चंद को सीबीएसई कक्षा 12वीं (आट्र्स) की परीक्षा में पूरे हरियाणा राज्य के सरकारी स्कूलों में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर शिक्षा विभाग द्वारा सम्मानित किया गया है। उन्हें शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने राज्य स्तर पर 11 हजार की राशि का चेक और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। छात्रा के बेहतर प्रदर्शन से स्कूल में खुशी का माहौल हे। स्टाफ ने छात्रा को बधाई दी है।



जींद। छात्रा को सम्मानित करते शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा।



मीठे पानी की छबील लगाकर सूखे कंठो को तर करते समाजसेवी पवन गर्ग।

### छबील लगाकर बुझाई प्यास

**जींद।** भीषण गर्मी के बीच लोगों को राहत मिल सके, इसके लिए छबील लगाई जा रही है। तन को तपाने वाली इस गर्मी से निजात पाने के लिए लोग भी छबील में मीठा पानी पी कर अपने कंठो को तर कर रहे है। जींद शहर के समाजसेवी पवन गर्ग एक सप्ताह छबील लगाने का संकल्प लेकर राहगीरो के सूखे कंठों को तर कर रहे है। कांग्रेसी नेता एवं समाजसेवी पवन गर्ग ने कहा कि इन दिनों आसमान से आग बरस रही है। जो लोग अपने कार्यो से बाहर निकलते हैं, उनके लिए मीठा पानी अमृत समान होता है। क्योकि पानी की मात्रा शरीर में कम होने से व्यक्ति लू की चपेट में आ सकता है। इसलिए छबील का पानी काफी हद तक गर्मी से बचाने का काम करेगा। उन्होंने कहा कि जो सामाजिक संगठन और संस्था इन दिनों आगे आये हुए है, उनके प्रयास सराहनीय है।



उचाना। जनसंवाद कार्यक्रम में लोगों के बीच बैठे विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री।

### व्यापारियों से रूबरू हुए विधायक

**उचाना।** जनसंवाद कार्यक्रम के तहत उचाना मंडी में सुरेश गर्ग उचाना खुर्द के प्रतिष्ठान पर विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री पहुंचे। मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा सहित प्रमुख पार्टी नेता, कार्यकर्ता के अलावा व्यापारी, आमजन मौजूद रहा। आढ़ती सतपाल अत्री, रामनिवास करसिंधु ने कहा कि गेहूं के सीजन में जो धर्मकांटा हाइवे स्थित अतिरिक्त मंडी में विधायक द्वारा लगवाया है, बेहतर उठान व्यवस्था हुई है उससे आढ़तियों, किसानों को फायदा हुआ। गेहूं के सीजन में किसी तरह की परेशानी किसान, आढ़ती को नहीं हुई। मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा की भी तारीफ आढ़तियों द्वारा करने के साथ मार्केट कमेटी सचिव योगेश, खरीद एजेंसी अधिकारियों की सराहना की। विधायक ने कहा कि छात्तर सब यार्ड, हाइवे स्थित अतिरिक्त मंडी में धर्मकांटे लग चुके है।

## पशुपालक खेती के साथ-साथ भेड़, बकरी पालन से अच्छी कमाई कर रहे : डॉ. गौरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पशु विज्ञान केंद्र जींद में विस्तार शिक्षा निदेशालय द्वारा सात दिवसीय भेड़ व बकरी पालन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर विस्तार शिक्षा निदेशक डा. गौतम एवं पशु विज्ञान केंद्र की प्रभारी डा. गौरी चंद्रात्रे की देखरेख में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में लुवास के वैज्ञानिक डा. रमेश कुमार ने पशुओं को स्वस्थ रखने के लिए नियमित टीकाकरण, संतुलित आहार तथा उचित प्रबंधन अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि पौष्टिक आहार एवं बेहतर रखरखाव से दुग्ध उत्पादन में वृद्धि की जा सकती है। प्रोग्रेसिव पशु पालक सुरेश कुमार ने प्रशिक्षणार्थियों को हरे चारे, संतुलित आहार, उन्नत नस्ल के पशुओं के चयन, स्वच्छ डेयरी प्रबंधन एवं रोग नियंत्रण की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा विकसित उच्च गुणवत्ता वाले खनिज मिश्रण का नियमित उपयोग पशुओं के स्वास्थ्य एवं उत्पादन क्षमता को बढ़ाता है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को बकरी पालन को स्वरोजगार के रूप में अपनाने, दुग्ध उत्पादों के मूल्य संवर्धन एवं विपणन की जानकारी भी दी गई व सफल प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। पशु विज्ञान केंद्र प्रभारी डा. गौरी ने कहा कि भेड़ व बकरी पालन से हम अपनी आय बढ़ा सकते हैं। पशुपालक खेती के साथ-साथ भेड़, बकरी पालन से अच्छी कमाई कर रहे हैं। इसके लिए सरकार द्वारा अनेकों प्रोत्साहन योजनाएं भी चलाई है। जिसका हर पशुपालक को लाभ उठाना चाहिए।






नरवाना। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान बच्चे लुत्फ उठाते हुए। फोटो :हरिभूमि

### किंग्लैंड वाटर पार्क का भ्रमण

**नरवाना।** शिक्षा भारती मॉडल स्कूल में आज विद्यार्थियों के लिए आनंददायक एवं ज्ञानवर्धक शैक्षणिक भ्रमण (पिकनिक) का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा पहली एवं दूसरी के विद्यार्थियों को शिक्षा भारती विद्या निकेतन, कलायत ले जाया गया, जबकि कक्षा तीसरी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों को कैथल स्थित किंगलैंड वाटर पार्क में भ्रमण हेतु ले जाया गया। बच्चों ने पूरे उत्साह एवं अनुशासन के साथ इस शैक्षणिक भ्रमण का आनंद लिया। शिक्षा भारती विद्या निकेतन, कलायत पहुंचने पर नन्हे-मुन्ने बच्चों का वहाँ के शिक्षकों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। बच्चों को विभिन्न झूलों, छोटी रेलगाड़ी एवं मनोरंजक गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिला। उन्होंने खेल-खेल में सीखने और मनोरंजन का भरपूर आनंद लिया।

## नन्हे-मुन्नों को लाल रंग का महत्व व उसकी पहचान बताई

# मोतीलाल स्कूल की सेपलिंग शाखा में मनाया रेड-डे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय की सेपलिंग शाखा में रेड डे बड़े उत्साह, उमंग और रचनात्मकता के साथ मनाया । विशेष गतिविधि का आयोजन सेपलिंग विभाग की कोऑर्डिनेटर पूजा पसरीजा की देखरेख में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नन्हे-मुन्ने बच्चों को लाल रंग के महत्व, उसकी पहचान तथा उससे जुड़ी वस्तुओं के बारे में जानकारी देना था। विद्यालय परिसर में प्रवेश करते ही चारों ओर लाल रंग की सुंदर सजावट देखने को मिली। कक्षाओं को लाल गुब्बारों, फूलों, चार्टों और विभिन्न सजावटी सामग्रियों से आकर्षक रूप दिया गया था। छोटे-छोटे बच्चे लाल रंग की पोशाक पहनकर विद्यालय पहुंचे और उनकी मासूम मुस्कान ने पूरे वातावरण को आनंदमय बना दिया। किसी ने लाल टोपी पहन रखी थी तो कोई लाल जूते और लाल रिबन में बेहद आकर्षक लग रहा था। बच्चों को समझाया कि लाल रंग ऊर्जा, साहस, प्रेम और उत्साह का प्रतीक माना जाता है। इसके बाद बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। नन्हे विद्यार्थियों ने लाल रंग से संबंधित वस्तुओं जैसे सेब, टमाटर, गुलाब, चेरी, तरबूज और लाल गुब्बारों की पहचान की। अध्यापिकाओं ने बच्चों को रचनात्मक कार्यों के माध्यम से रंगों की दुनिया से परिचित कराया। सेपलिंग विभाग की कोऑर्डिनेटर पूजा पसरीजा ने बताया कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों के मानसिक और रचनात्मक विकास में अत्यंत सहायक होती हैं।



जींद। कार्यक्रम में भाग लेते मोतीलाल स्कूल के बच्चे। फोटो :हरिभूमि

#### अभिभावकों का धन्यवाद किया

विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष संदीप दहिया एवं प्राचार्य रविंद्र कुमार ने इस अवसर पर बच्चों और अध्यापिकाओं की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल पुस्तकीय ज्ञान देना नहींए बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करना भी है। उन्होंने अभिभावकों का भी धन्यवाद किया, जिन्होंने बच्चों को गतिविधि के अनुरूप तैयार कर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिया।

## स्कूल सोसायटी के दस्तावेजों का दुरुपयोग, छह के खिलाफ केस

- पूर्व के पदाधिकारियों पर दस्तावेज कब्जे में रखने-धमकी देने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नव दुर्गा सीनियर सैकेंडरी स्कूल सोसायटी के दस्तावेजों का दुरूपयोग करने पर शहर थाना पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नव दुर्गा एजुकेशन सोसायटी के अध्यक्ष शिवनारायण शर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया उसकी सोसायटी नव दुर्गा सीनियर सैकेंडरी स्कूल को चला रही है। जिसमें रामनगर निवासी सचिव बंसीलाल, कैशियर मीना शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य कमलेश, आशा, अजमेर बस्ती निवासी मदन मोहन थे। जिन्होंने छह जून 2025 को अपने पदों से इस्तीफा दे दिया था। बावजूद इसके आरोपित सोसायटी के कार्यकारी पदाधिकारी तथा सदस्य बता कर गैर कानूनी तरीके से अपनी गतिविधियां चलाते रहे हैं। जिससे उसकी सोसायटी को काफी आर्थिक नुकसान हुआ। आरोपितों से बार-बार सोसायटी का रिकोर्ड मांगा जाता रहा। आरोपित उन दस्तावेजों का दुरूपयोग करते आ रहे हैं। आरोपितो ने भिवानी शिक्षा बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं को अपने कब्जे में रखे हुआ है। आरोपित संस्था के नाम पर फीस के तौर पर अवैध वसूली भी कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप



सीवन। बाजार में आयोजित लंगर में सेवा करते दुकानदार। फोटो : हरिभूमि

### पीपल वाला चौक पर विशाल भंडारे में उमड़े लोग

**सीवन।** पीपल वाला चौक में बाजार के दुकानदारों द्वारा सामूहिक रूप से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। यह आयोजन क्षेत्र में सुख-शांति, समृद्धि एवं आपसी भाईचारे की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से किया गया। भंडारे को लेकर पूरे बाजार क्षेत्र में श्रद्धा और उत्साह का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह धार्मिक अनुष्ठान के साथ हुई। पंडित विजय शर्मा ने विधि-विधान एवं मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-अर्चना संपन्न करवाई तथा क्षेत्र की खुशहाली और लोगों के मंगल जीवन की कामना की।

### सील संपत्ति कब्जाने के आरोप में केस दर्ज

**राजौंद।** राजौंद थाना पुलिस ने एक फाइनेंस कंपनी की बंधक संपत्ति पर कथित तौर पर कब्जा करने के आरोप में किसान यूनियन से जुड़े लोगों पर केस दर्ज किया है। एसएमएफजी इंडिया होम फाइनेंस लिमिटेड के मैनेजर तरसेम ने शिकायत में बताया कि गृहशक्ति ब्रांड के तहत रामनिवास जांगड़ा व उसकी पत्नी रिंकू को 31 मार्च 2024 को 22 लाख 54 हजार 190 रुपये का होम लोन दिया था। इसके बदले राजौंद स्थित 174 वर्ग गज की संपत्ति कंपनी के पास गिरवी रखी गई थी। उधारकर्ता ने लगातार किश्तें नहीं चुकाईं, जिसके बाद कंपनी ने कानूनी कार्रवाई शुरू की।

### आज जिंदल फाउंडेशन लगाएगा फ्री हेल्थ कैंप

**राजौंद।** क्षेत्रवासियों के लिए राहत भरी खबर है कि शुक्रवार को नवीन जिंदल फाउंडेशन की ओर से राजौंद में मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कैंप का आयोजन किया जाएगा। यह कैंप राजौंद के वार्ड नंबर 1 और 2 में फूलू पट्टी चौपाल में लगाया जाएगा। कैंप का समय सुबह 10 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक निर्धारित किया गया है। इस दौरान अनुभवी डॉक्टरों द्वारा मरीजों की जांच की जाएगी।

## भीषण गर्मी में कलायत में गहराई पेयजल समस्या

# उपायुक्त कार्यालय पहुंचे नागरिक मांगा पानी की बूंद-बूंद का हिसाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कलायत

कलायत शहर में प्राचीन काल के दौरान मुढाढ़ रियासत का मुख्यालय रहे लाल चबूतरा क्षेत्र में पेयजल संकट अब आंदोलन का रूप लेता नजर आ रहा है। करीब 600 घरों में पिछले लंबे समय से पानी की भारी किल्लत से परेशान लोगों का सब्र जवाब देने लगा है। खास बात यह है कि इस बार पानी की लड़ाई में नन्हे-मुन्ने बच्चे भी मैदान में उतर आए हैं। बच्चों ने हर घर तक पानी पहुंचाने की मांग को लेकर एक अनोखा विरोध प्रदर्शन तैयार किया है। इसके तहत बच्चे हाथों में मिट्टी की खाली मटकियां लेकर जिला उपायुक्त कार्यालय पहुंचेंगे। शीर्ष प्रशासनिक अधिकारी के सामने अपनी पीड़ा रखी जाएगी। हुक्म सिंह, अजय कुमार, महेंद्र सिंह, पाला राम, सुरेंद्र कुमार व क्षेत्रवासियों का कहना है कि समस्या केवल कुछ दिनों की नहीं है। पानी की बूंद-बूंद को तरस रहे परिवारों में महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं में भी भारी रोष है। अब पूरे इलाके ने बच्चों के इस संघर्ष में कदमताल करने का फैसला लिया है। लोगों का आरोप है कि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग महज 5 या 6 परिवारों द्वारा कथित पानी की बर्बादी का



कलायत। नलों में पानी का प्रेशर काफी कम होने से परेसान हैं लोग। फोटो : हरिभूमि

हवाला देकर सैकड़ों परिवारों को पर्याप्त पेयजल से वंचित कर रहा है। स्कूली बच्चों व युवाओं ने विभाग की ग्राउंड रिपोर्ट का आइना प्रशासन के सामने लाने के लिए पानी के हिसाब-किताब का जोड़ घटा शुरू कर दिया है। उनका कहना है कि सरकार की नीति के अनुसार कलायत शहर में प्रति व्यक्ति प्रतिदिन

### सर्वेक्षण अभियान चला जुटाया पेयजल आपूर्ति का ब्योरा

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एसडीओ नरेश जागलान ने बताया कि पेयजल समस्या निवारण के लिए हर स्तर पर प्रयास जारी है। इसके तहत वीरवार सुबह लाल चबूतरा से सटे आवासीय क्षेत्र में सर्वेक्षण अभियान चलाया गया। इसके माध्यम से पानी की सप्लाई का बारीकी से ब्यौरा तैयार किया गया। इसके आधार पर आगामी कार्यवाही करते हुए हर नल पानी पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने लोगों से व्यर्थ में पानी न बहाने की अपील की।

155 लीटर पानी उपलब्ध करवाना विभाग की जिम्मेदारी है। यदि 600 परिवारों में औसतन 4 सदस्य माने जाएं तो क्षेत्र में रोजाना करीब 3 लाख 72 हजार लीटर पानी की सप्लाई होनी चाहिए। ऐसे में केवल पांच या छह परिवार इतने बड़े स्तर पर पानी की बर्बादी कर दें कि पूरा इलाका प्यासा रह जाए। यह बात लोगों के गले नहीं उतर रही। क्योंकि यह संभव नहीं कि जिस निर्धारित समय अवधि में पानी की सप्लाई होती है उसमें कुछ परिवार इतने बड़े पैमाने पर पानी को बर्बाद कर दें।

### पानी की चोरी हो रही है तो उसे रोकना विभाग की जिम्मेदारी

समाज सेवी संगठनों का यह भी कहना है कि कहीं पानी की चोरी या दुरुपयोग हो रहा है तो उसे रोकना विभाग की जिम्मेदारी है। इसका खामियाजा आम लोगों को क्यों भुगतना पड़े? महिलाओं का कहना है कि सुबह से लेकर देर रात तक पानी की टंकियों और नलों पर नजरें टिकी रहती हैं। पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता। अब लोगों ने साफ कर दिया है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। बच्चों की खाली मटकी यात्रा फिलहाल पूरे शहर में चर्चा का विषय बनी हुई है।शहर में पेयजल सप्लाई का ब्यौरा जुटाने के लिए विभाग की टीम व अधिकारी विवादों के घेरे में आए गए। विवाद का कारण कर्मियों द्वारा बाथरूम, रसोई व अन्य स्थानों पर प्रयोग किए जा रहे पानी को व्यर्थ पानी बहाने का जरिया बताना रहा। युवाओं ने कहा कि यदि खाने, पीने, नहाने व संबंधित कार्य में प्रयोग किए जा रहे पानी को पाइप से बहाना बर्बादी है तो इसे हवा में कैसे उड़ाएं? इसलिए जरूरत कर्मियों द्वारा धरातल पर वास्तविक रूप से कार्य करने की है। शीर्ष अधिकारियों के सामने भ्रामक आंकड़े प्रस्तुत करना गलत है।



कैथल। प्रसिद्ध चावल निर्यातक नरेंद्र मिगलानी को निमंत्रण देते हरियाणा प्रदेश राइस मिलर्स एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा व संस्था के सदस्य।

## एकता, जागरूकता, संस्कार का भव्य प्रतीक होगा पंजाबी महाकुंभ : अमरजीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

- कहा : 30 मई को अरूट जी महाराज का जन्मोत्सव श्रद्धा, गौरव और उत्साह से मनाया जाएगा

हरियाणा राइस मिलर्स एंड डिलर्स एसोसिएशन प्रदेशाध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा ने कहा कि वीरता, सेवा और समर्पण की अखंड ज्योति पूज्य कुल गौरव, सूर्यवंशी सम्राट अरूट जी महाराज का पावन जन्मोत्सव 30 मई को अत्यंत श्रद्धा, गौरव और उत्साह के साथ मनाने जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि पंजाबी समाज की एकता, जागरूकता, संस्कार और सामूहिक शक्ति का भव्य प्रतीक बनता जा रहा है। प्रदेशाध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा ने कहा कि पंजाबी समाज के लोगों को जन्मोत्सव का निमंत्रण देते हुए कहा कि पंजाबी समाज के सभी साथी एवं युवा वर्ग दिन-रात तन, मन और धन से इस कार्यक्रम को सफल बनाने में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सतीश सोनी, सुभाष सतीजा, अशोक भारती, इंद्रजीत सरदाना, सुभाष कथूरिया, डा. रजिंदर ठकराल, अशोक अरोड़ा, सुरेश अरोड़ा, महेश धमीजा, रजिंदर मदान, तुलसी मदान, भूषण गाबा, राजेश सेठी , प्रदर्शन परूथी, अरविंद चावला, रजत थरेजा, अनिल आहूजा, काका सचदेवा, महेश गोगिया, डा. संजीव थरेजा ओर भी अनेकों साथी दिन रात प्रचार-प्रसार में लगे हुए है। समाज के लोग एकता के सूत्र में बंधकर कार्यक्रम को सफल बनाने में जी जान से जुटे हुए है। जिसके लिए पूरा समाज बधाई का पात्र है।

## नवीन जिंदल फाउंडेशन के निःशुल्क मेडिकल कैंप का लोगों ने उठाया लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ पूंडरी



पूंडरी। स्वास्थ्य जांच करती हुई मेडिकल वैन टीम। फोटो : हरिभूमि

- 102 मरीजों की जांच कर बांटी गईं दवाइयां

सांसद नवींन जिंदल की पहल पर नवीन जिंदल फाउंडेशन द्वारा संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से लोगों को लगातार निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसी कड़ी में पूंडरी के वार्ड नंबर-8 में निशुल्क मेडिकल कैंप लगाया गया, जहां सैकड़ों लोगों ने स्वास्थ्य लाभ उठाया। कैंप में डॉ. बलिंदर सिंह के नेतृत्व में मेडिकल टीम ने लोगों की सामान्य स्वास्थ्य जांच की और चिकित्सकीय परामर्श दिया। शिविर के दौरान रक्तचाप, मधुमेह सहित विभिन्न बीमारियों की जांच की गई। कुल 102 लोगों की जांच कर उन्हें मौके पर ही निशुल्क दवाइयां वितरित की गईं, जबकि तीन मरीजों के रक्त परीक्षण भी किए गए। सांसद कार्यालय के प्रभारी रविंदर धीमान और हल्का प्रभारी अरविंद गोलन ने बताया कि 'स्वस्थ कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र अभियान' के तहत चलाई जा रही पहल उपचार तक सीमित नहीं है, बल्कि संतुलित आहार के प्रति भी जागरूक किया जा रहा है। इस अवसर पर हल्का प्रभारी अरविंद गोलन, नगर पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि राकेश गोस्वामी, पार्षद विक्की, बलवंत गोलन, राजेश, देवेंद्र वाल्मीकि, डॉ. बलविंद्र और नितिन शर्मा उपस्थित रहे।

## भाजपा लोकतंत्र खत्म करने पर तुली, युवाओं का अपमान नहीं सहेगी आप : जगमग मटौर

- ईडी-सीबीआई का दुरुपयोग कर रही भाजपा सरकार
- महंगाई और एलिवेटिड ट्रैक मुद्दे पर भाजपा को घेरा, कैथल में गरजी आम आदमी पार्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल



कैथल। आप जिला अध्यक्ष जगमग मटौर पत्रकारों से बातचीत करते हुए।

आम आदमी पार्टी की मासिक बैठक कैथल जिला कार्यालय में आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष जगमग मटौर ने की। बैठक में भाजपा सरकार की नीतियों और कार्यशैली को लेकर आप नेताओं ने जमकर निशाना साधा। नेताओं ने कहा कि भाजपा सरकार ईडी, सीबीआई, सुप्रीम कोर्ट और चुनाव आयोग जैसी संस्थाओं का लगातार दुरुपयोग कर लोकतंत्र को कमजोर करने का काम कर रही है। जिला अध्यक्ष जगमग मटौर ने कहा कि भाजपा नेताओं द्वारा युवाओं को कॉकरोच कहना बेहद शर्मनाक और युवाओं का अपमान है। आम आदमी पार्टी युवाओं के सम्मान के साथ किसी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि एसआईआर के नाम पर करोड़ों लोगों के वोट काटने की तैयारी लोकतंत्र पर हमला है। यदि ये वोटर भारतीय नहीं थे तो अब तक देश का गृह मंत्रालय क्या कर रहा था। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जनता का ध्यान असली मुद्दों से भटकाने का प्रयास कर रही है। जगमग मटौर ने कैथल में एलिवेटिड ट्रैक के मुद्दे पर भाजपा नेताओं को घेरते हुए कहा कि भाजपा नेता इस मामले में दोगली नीति अपना रहे हैं। जनता के सामने एक बात और अंदरखाने दूसरी बात की जा रही है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी जनता के हितों के लिए संघर्ष करती रहेगी। आप शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष मास्टर सतबीर गोयत ने कहा कि भाजपा सरकार के राज में लगातार पेपर लीक होने से युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो रहा है।

## अशोक गुर्जर और मुनीष कठवाड ने डॉ. अर्चना गुप्ता का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

- डॉ. अर्चना गुप्ता को प्रदेशाध्यक्ष बनाने पर जताई खुशी

भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक गुर्जर ने कहा कि केंद्र एवं हरियाणा सरकार प्रदेश के हर वर्ग के हितों को ध्यान में रखते हुए गंभीरता और पारदर्शिता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ किसानों, युवाओं, महिलाओं व गरीब परिवारों तक पहुंच रहा है। इससे आमजन में सरकार के प्रति विश्वास लगातार मजबूत हो रहा है। अशोक गुर्जर तथा पूर्व जिलाध्यक्ष मुनीष कठवाड ने भाजपा की नव नियुक्त प्रदेशाध्यक्ष अर्चना गुप्ता को नई जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में



कैथल। भाजपा की नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता का स्वागत करते अशोक गुर्जर और मुनीष कठवाड।

संगठन और अधिक मजबूत होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि डा. अर्चना पार्टी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर प्रदेश में भाजपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगी। डॉ. अर्चना गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी। अशोक गुर्जर ने मुख्य रूप मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की कार्यशैली की सराहना की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कार्यालय एवं उनका आवास हमेशा आम जनता के लिए खुला रहता है। यह भाजपा की जनहितकारी और पारदर्शी नीति का प्रतीक है। मुनीष कठवाड ने कहा कि प्रदेश का कोई भी नागरिक अपनी समस्या लेकर सीधे मुख्यमंत्री तक पहुंच सकता है। यह लोकतंत्र की सशक्त परंपरा को दर्शाता है। राणा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी लगातार जनता से संवाद स्थापित कर रहे हैं। लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार विकास, सुशासन और जनसेवा के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है।



### भीषण गर्मी में साईं भक्तों ने पेश की मानवता की मिसाल

**कैथल।** नौ तपा की भीषण गर्मी में जब सूर्य की प्रचंड तपिश से जनजीवन बेहाल हो रहा था, उस समय मानवता और सेवा का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करते हुए श्री साई रसोई सेवा समिति, कैथल द्वारा हनुमान मंदिर के निकट, पार्क रोड, हरियाणा शहीद स्मारक के सामने विशाल मीठे पानी की छबील लगाई गई। इस सेवा कार्य में राह चलते सैकड़ों राहगीरों, रिक्शा चालकों, मजदूर भाइयों, बुजुर्गों एवं श्रद्धालुओं को ठंडा, मीठा एवं शुद्ध जल वितरित किया गया। तपती धूप में प्यास से व्याकुल लोगों को जब मीठे जल का प्याला मिला तो उनके चेहरों पर राहत, संतोष और खुशी साफ दिखाई दी। कई लोगों ने भावुक होकर समिति के इस सेवा भाव को साईं बाबा का आशीर्वाद बताया। पूरा वातावरण "ॐ जय साईं राम", "साईं सेवा ही सबसे बड़ा पुण्य है", "जय बाबा अमरनाथ बर्फानी — भूखे को अन्न, प्यासे को पानी" जैसे जयकारों से भक्तिमय हो उठा। समिति की अध्यक्ष प्रिया ठकराल ने अन्य साईं सेविकाओं, युवा साथियों एवं श्रद्धालु भक्तों के साथ मिलकर इस सेवा कार्य को पूरे समर्पण और श्रद्धा भाव से संचालित किया।

## सुभाष चन्द्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के लिए करें आवेदन

- नेताजी की जयंती पर प्रदान किया जाता है पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा सुभाष चन्द्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह पुरस्कार आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए व्यक्तियों एवं संस्थाओं को प्रदान किया जाता है। यह पुरस्कार प्रत्येक वर्ष 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर प्रदान किया जाता है।

**प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2026 के लिए नामांकन आमंत्रित :** डीसी अपराजिता ने बताया कि भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा वर्ष 2026 के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसका उद्देश्य उन बच्चों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित करना है, जिन्होंने कम उम्र में विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धियां हासिल की हैं और समाज के लिए प्रेरणा बने हैं।

**न्यायिक परिसर में विशेष लोक अदालत 30 को:** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कैथल की अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश कंचन माही की देखरेख में 30 मई (शनिवार) को न्यायिक परिसर में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह विशेष लोक अदालत जिला न्यायालय परिसर, कैथल तथा उपमंडलीय न्यायालय, गुहला में आयोजित की जाएगी।



### पंजाबी सभा ने पूंडीर में लगाई ठंडे-मीठे पानी की छबील

**पूंडरी।** पुंडरी में बढ़ती गर्मी के चलते हुए पंजाबी सभा पुंडरी द्वारा हाबड़ी मोड़ ठंडे मीठे पानी की छबील का आयोजन किया गया। इस सेवा कार्य में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर ठंडे जल का प्रसाद ग्रहण किया। राहगीरों, दुकानदारों एवं आमजन के लिए यह छबील आकर्षण का केंद्र बनी रही। कार्यक्रम का आयोजन पंजाबी सभा, पुंडरी के अध्यक्ष रमेश दुआ एवं समस्त कार्यकारिणी के सहयोग से किया गया। सभा के सदस्यों ने पूरे उत्साह और सेवा भावना के साथ लोगों को मीठा ठंडा पानी वितरित किया। सभा के अध्यक्ष रमेश दुआ ने बताया कि भीषण गर्मी में प्यासे लोगों को पानी पिलाना सबसे बड़ी मानव सेवा है। उन्होंने कहा कि पंजाबी सभा हमेशा समाजहित के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाती रही है और आगे भी इसी प्रकार सेवा कार्य जारी रहेंगे। उन्होंने सभी लोगों से अपील की कि वे भी समाज सेवा के कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लें। महिला मोर्चा जिला सचिव निधि मोहन ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन समाज में प्रेम, भाईचारे और मानवता का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है और जरूरतमंदों की सहायता करना हम सभी का कर्तव्य है। कार्यक्रम में विशेष रूप से सांसद श्री नवीन जिंदल के हल्का प्रभारी रविंद्र धीमान एवं अरविंद गोलन पहुंचे और पंजाबी सभा के इस सेवा कार्य की सराहना की।



कैथल। अरूट जी महाराज के पावन जन्मोत्सव का न्योता देते पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### अरूट जी महाराज का पावन जन्मोत्सव 30 मई को

**कैथल।** वीरता, सेवा और समर्पण की अखंड ज्योति- पूज्य कुल गौरव, सूर्यवंशी सम्राट अरूट जी महाराज का पावन जन्मोत्सव 30 मई को अत्यंत श्रद्धा, गौरव और उत्साह के साथ मनाने जा रहा है। यह केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि अरोड़ा समाज की एकता, जागरूकता, संस्कार और सामूहिक शक्ति का भव्य प्रतीक बनता जा रहा है। हर्ष का विषय है कि पंजाबी समाज के सभी प्रकाश पुंज, समाज के आधार स्तंभ, वरिष्ठजन, युवा टीम दिन-रात तन, मन और धन से इस कार्यक्रम को सफल बनाने में लगे हुए हैं। चाहे निमंत्रण देने की बात हो, व्यवस्था प्रबंधन की बात हो, सेवा भावना हो या समाज को एक सूत्र में जोड़ने का प्रयास — हर ओर एक अद्भुत ऊर्जा, समर्पण और जोश देखने को मिल रहा है मैं इन सभी महानुभावों को प्रणाम करता हूं। हम सबकी कर्तव्य निष्ठा ही इस आयोजन की सफलता का मूलमंत्र है।सच कहें तो ऐसा उत्साह, ऐसा अपनापन और ऐसी सामाजिक चेतना यह शायद हमें पहली बार देखने को मिल रही है।



कैथल। पुलिस द्वारा काबू किया गया आरोपी। फोटो : हरिभूमि

### सीवन क्षेत्र के गांव कांगथली में चलाया गया सघन सर्च अभियान

**कैथल।** कैथल पुलिस द्वारा "नशा मुक्त हो जिला अभियान" के तहत लगातार विशेष कॉम्बिंग एवं चेकिंग अभियान चलाए जा रहे हैं। प्रतिदिन अलग-अलग थाना क्षेत्रों के गांवों और बस्तियों को चयनित कर सर्च अभियान चलाया जाता है। इसी कड़ी में वीरवार को थाना शहर तथा थाना सीवन द्वारा अलग-अलग क्षेत्रों में व्यापक सर्च ऑपरेशन चलाकर संदिग्ध व्यक्तियों व ठिकानों की गहन जांच की गई। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना शहर एसएचओ इंस्पेक्टर गीता की अगुवाई में डेरा गरजा सिंह में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इसके अतिरिक्त थाना सीवन प्रभारी एसआई जयभगवान के नेतृत्व में गांव कांगथली में संदिग्ध नशा व शराब तस्करों के घरों तथा संभावित ठिकानों पर विशेष सर्च अभियान चलाया गया। पुलिस टीमों द्वारा गहन तलाशी लेते हुए यह जांच की गई कि कहीं किसी स्थान पर मादक पदार्थ, अवैध शराब या अन्य गैरकानूनी सामग्री छिपाकर तो नहीं रखी गई।

**स्पर्धा** नाच इंडिया नाच प्रतियोगिता में चमके गुरु नानक पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी

विधायक सतपाल जांबा ने शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया सम्मानित

## फरल की अंजलि ने जीता अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड, गांव में निकाला भव्य रोड शो

हरिभूमि न्यूज ⏭ पूंडरी

गांव फरल स्थित गुरु नानक पब्लिक स्कूल में गुरुवार को उस समय खुशी और उत्साह का माहौल बन गया, जब स्कूल की छात्रा अंजलि ने एसओएफ द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल कर स्कूल, गांव और जिले का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में दुनिया के 72 देशों के विद्यार्थियों ने भाग लिया था। अंजलि की इस उपलब्धि पर स्कूल प्रबंधन, अभिभावकों और ग्रामीणों ने खुशी जाहिर की। वहीं स्कूल की अन्य छात्राओं ने भी नाच इंडिया



पूंडरी। विधायक सतपाल जांबा फरल स्कूल के बच्चों को सम्मानित करते हुए।

नाच प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरस्कार हासिल किए। प्रतियोगिता में छात्रा परी ने प्रथम, जोया ने द्वितीय तथा निर्वि ने चौथा व रनजोत और जीवन ने शानदार प्रदर्शन कर पांचवा स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों की उपलब्धि पर गांव में भव्य रोड शो निकाला गया। सभी प्रतिभागियों को खुली गाड़ियों में बैठाकर ढोल-नगाड़ों के साथ गांव की गलियों से निकाला गया। रोड शो के दौरान ग्रामीणों ने बच्चों का फूल-मालाओं से स्वागत किया और मिठाई बांटकर खुशी मनाई। सभी विद्यार्थी रोड शो के रूप में पूंडरी विधायक सतपाल जांबा के कार्यालय पहुंचे, जहां ढोल की थाप पर बच्चों ने अपनी खुशी व्यक्त की। विधायक सतपाल जांबा ने सभी प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए कहा कि आज बेटियां शिक्षा, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में लगातार नई ऊंचाइयों को छू रही हैं। गुरु नानक स्कूल फरल के विद्यार्थियों ने गांव, हलका, जिला, प्रदेश और देश का नाम विश्व स्तर पर रोशन किया है, जो पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है।

### बेटियां हर क्षेत्र में आगे

गांव संगरोली में सरपंच प्रतिनिधि जितेंद्र पुंडीर ने प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए कहा कि बेटियां आज हर क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं और गांव के बच्चों की यह उपलब्धि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। रोड शो के दौरान गांव की गलियों में जैसे ही बच्चे हाथों में ट्रॉफियां लेकर पहुंचे तो उन्हें देखने के लिए ग्रामीण घरों से बाहर निकल आए। स्कूल की अध्यापिकाओं ने ग्रामीणों द्वारा दिए गए सम्मान और सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। स्कूल की प्रिंसिपल ऋतु बंसल ने सभी ग्रामीणों, अभिभावकों और अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्कूल प्रबंधन समिति, स्टाफ की मेहनत और बच्चों के आत्मविश्वास से यह उपलब्धियां संभव हो पाई हैं।

## खबर संक्षेप




### पहलवानों की मांग पर उपलब्ध करवाए पंखे

**उचाना।** कापड़ो गांव के शहीद उधम सिंह खेल स्टेडियम में पहलवानों के लिए चार दीवार वाले पंखे जियोनिक्स वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा ये पंखे भेंट किए। संस्था डायरेक्टर गिरिश जैन कापड़ो ने बताया कि गर्मी के मौसम में पहलवान अभ्यास करते थे तो उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता था। पहलवानों की मांग पर संस्था ने चार मांऊटींग पंखे भेंट किए ताकि पहलवानों को अभ्यास में परेशानी न हो। संस्था द्वारा निरंतर समाज सहित के कार्य किए जा रहे है।

### जमीन विवाद को लेकर हमला, तीन घायल

**कैथल।** सीवन के गांव हिम्मतपुरा में जमीन विवाद को लेकर पड़ोसियों पर हमला कर दिया। हमले में दंपती सहित तीन लोगों के घायल हो गए। सभी घायलों का सिविल अस्पताल में इलाज चल रहा है। सीवन थाना पुलिस ने पीड़ति की शिकायत के आधार पर पांच लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में डेरा हिम्मतपुरा निवासी संदीप सिंह ने बताया कि उसने मुंबई निवासी रेखा से प्रेम विवाह किया था। उसका अपने पड़ोसी प्रिंसपाल सिंह के साथ 11 कनाल जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। 26 मई की रात करीब 9 से 9:15 बजे प्रिंसपाल सिंह और प्रताप सिंह विवादित जमीन में लगी बोर की मोटर जबरदस्ती निकालने लगे।

### 11500 एकड़ में फसल विविधीकरण का लक्ष्य

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान ने बताया कि जिले में भूजल स्तर को सुधारने के उद्देश्य से हरियाणा सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मेरा पानी, मेरी विरासत के तहत जिले में इस वर्ष 11500 एकड़ भूमि पर धान के स्थान पर वैकल्पिक फसलों की खेती का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे अधिक पानी की खपत वाली धान की खेती के स्थान पर वैकल्पिक फसलों को अपना कर जल संरक्षण में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संसाधनों को बचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि किसान धान के स्थान पर मक्का, कपास खरीफ दलहनी फसलें लगा सकते है।

### 5 से शुरू होगा मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण अभियान : उपायुक्त

**कैथल।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में विशेष गहन पुनरीक्षण -2026 कार्यक्रम निर्धारित समयावधि में संचालित किया जाएगा। इस अभियान के तहत 807 बीएलओ द्वारा मतदाता सूचियों का घर-घर जाकर सत्यापन किया जाएगा। डीसी ने बताया कि एसआईआर की मलफाइंग तिथि 1 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। इसके तहत बीएलओ का प्रशिक्षण एवं आवश्यक सामग्री वितरण 5 से 14 जून तक किया जाएगा, जबकि बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर सत्यापन 15 जून से 14 जुलाई तक किया जाएगा।

## डॉ. अर्चना गुप्ता को प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति पर जताई खुशी

# भाजपा ने महिला नेतृत्व को दिया सम्मान : डॉ. पुष्पा तायल

*बीजेपी नारियों को नेतृत्व देकर महिला सशक्तीकरण को दे रही बढ़ावा,भाजपा वास्तव में महिला हितैषी पार्टी*

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

भारतीय जनता पार्टी द्वारा हरियाणा संगठन की कमान महिला नेता डा. अर्चना गुप्ता को सौंपे जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। भाजपा जिला महामंत्री डा. पुष्पा तायल ने पानीपत निवास पर पहुंचकर डा. अर्चना गुप्ता को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर बधाई दी और इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम बताया।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने हमेशा महिलाओं को आगे बढ़ाने का कार्य किया**

डा. पुष्पा तायल ने कहा कि भाजपा केवल महिला सशक्तिकरण का नारा ही नहीं देती बल्कि महिलाओं को संगठन और सरकार में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां देकर उन्हें नेतृत्व करने का अवसर भी प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि हरियाणा भाजपा की कमान एक महिला नेता को सौंप कर पार्टी ने यह साबित कर दिया है कि भाजपा वास्तव में महिला हितैषी पार्टी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा नेतृत्व ने हमेशा महिलाओं को आगे बढ़ाने का कार्य किया है। केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। अब संगठन में भी महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है, जिससे महिला कार्यकर्ताओं का मनोबल मजबूत होगा।


जींद। डा. अर्चना गुप्ता को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने बधाई देती हुई जिला महामंत्री डा. पुष्पा तायल। फोटो: हरिभूमि

### गुप्ता के नेतृत्व में संगठन को मिलेगी मजबूती

डा. पुष्पा तायल ने विश्वास जताया कि डा. अर्चना गुप्ता के नेतृत्व में हरियाणा भाजपा संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा पार्टी नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष के रूप में उनका अनुभव और कार्यशैली संगठन को मजबूती प्रदान करेगी। इस मौके पर कुरुक्षेत्र से भाजपा नेत्री अन्नू मलियान भी विशेष रूप से मौजूद रही।

### जिप चेयरमैन कर्मबीर कौल ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष अर्चना गुप्ता को दी शुभकामनाएं

**ढांड।** क्षेत्र के गांव कौल निवासी एवं कैथल जिला परिषद चेयरमैन कर्मबीर कौल ने भारतीय जनता पार्टी की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अर्चना गुप्ता को पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया तथा नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कर्मबीर कौल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा महिलाओं को सम्मान और नेतृत्व देने का कार्य करती आई है। आज देश और प्रदेश में महिलाएं राजनीति, प्रशासन, शिक्षा और समाज सेवा सहित हर क्षेत्र में अपनी मजबूत भागीदारी निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में "नारी शक्ति" को नई पहचान और सम्मान मिला है। कौल ने विश्वास जताया कि गुप्ता के नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा महिलाओं को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन गांव स्तर तक मजबूती से कार्य कर रहा है।



ढांड। नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अर्चना गुप्ता को बधाई देते जिप चेयरमैन कर्मबीर कौल।

### डॉ. अर्चना गुप्ता के प्रदेशाध्यक्ष बनने पर जताया आभार

**उचाना।** भाजपा द्वारा डॉ. अर्जना गुप्ता को प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त करने पर पूर्व मंडी प्रधान सत्यनारायण बंसल ने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट किया। सत्यनारायण बंसल ने कहा कि भाजपा सभी वर्गों को साथ लेकर चलती है। हर वर्ग के हित के लिए कार्य करती है। डॉ. अर्चना गुप्ता को प्रदेशाध्यक्ष मनोनित करके अग्रवाल समाज को मान-सम्मान देने का काम किया है। अग्रवाल समाज निरंतर भाजपा के साथ जुड़ कर भाजपा को मजबूत करने का काम कर रहा है। बंसल ने कहा कि विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री की अगुवाई में उचाना विकास के पथ पर अग्रसर है। विकास को लेकर कोई कोर कसर विधायक नहीं छोड़ रहे है।

# विजेंद्र बने राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के जिला अध्यक्ष

- राजीव गांधी ने 73वें संविधान संसोधन से पंचायती राज संस्थाओं को दिए थे अधिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

विजेंद्र ढाढरथ को राजीव गांधी पंचायती राज संगठन हरियाणा द्वारा जींद जिले का जिला अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर नवनियुक्त जिला अध्यक्ष ने प्रदेश एवं राष्ट्रीय नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह दायित्व केवल पद नही बल्कि ग्रामीण भारत की आवाज को मजबूत करने, पंचायती राज व्यवस्था को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने और महात्मा गांधी व राजीव गांधी जी के पंचायती राज के सपने को साकार करने का संकल्प है। विजेंद्र ढाढरथ ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेन्द्र सिंह हुड्डा, प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह, सांसद एवं युवा नेता दीपेन्द्र सिंह हुड्डा, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. सुनील पंवार, प्रदेश अध्यक्ष, सांसद सतपाल ब्रह्मचारी, पूर्व विधायक सुभाष गांगोली, जींद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रिषिपाल हैबतपुर सहित सभी वरिष्ठ नेताओं द्वारा मुझ पर जो विश्वास जताया गया है, वह मेरे लिए प्रेरणा का स्रोत है। विजेंद्र ढाढरथ ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का इतिहास ही जनसेवा और लोकतंत्र की रक्षा का इतिहास रहा है। पंडित जवाहरलाल नेहरू से लेकर राजीव गांधी तक कांग्रेस ने हमेशा पंचायतों को लोकतंत्र की बुनियादी इकाई मानते हुए उन्हें संवैधानिक दर्जा दिलाने का काम किया। 73वें संविधान संशोधन के माध्यम से राजीव गांधी जी ने पंचायती राज संस्थाओं को अधिकार संपन्न बना कर ग्रामीण स्वराज की परिकल्पना को मूर्त रूप दिया। आज उसी विरासत को आगे बढ़ाने का दायित्व हम सभी कार्यकर्ताओं पर है।

### पार्टी को देंगे मजबूती



विजेंद्र ढाढरथ ने कहा कि जींद जिला कृषि प्रधान जिला है और यहां की जनता मेहनतकश है। गांव-गांव में पंचायतें लोकतंत्र की पाठशाला हैं। मेरा पहला संकल्प होगा कि राजीव गांधी पंचायती राज संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत किया जाए।

### अड्डू पीर की दरगाह पर 65वां भंडारा लगाया

**पूंडरी।** पूंडरी-पाई मार्ग स्थित अड्डू पीर बाबा की दरगाह पर इस वर्ष भी श्रद्धा और आस्था का संगम देखने को मिला। 65वां वार्षिक विशाल भंडारा बड़ी धूमधाम और भक्तिभाव के साथ आयोजित किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने न केवल माथा टेका, बल्कि भंडारे का प्रसाद भी ग्रहण किया। भंडारे की शुरुआत चादर चढ़ाने की पारंपरिक रस्म से हुई। सेवकों ने नाचते-गाते, ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच पीर बाबा की दरगाह पर चादर चढ़ाई। इस दौरान माहौल पूरी तरह से आध्यात्मिक रंग में रंग गया और श्रद्धा का अनुपम दृश्य उपस्थित हुआ। श्रद्धालुओं की लंबी कतारें बाबा के दर्शन और मन्नत मांगने के लिए दरगाह परिसर में उमड़ पड़ीं।

# मुस्कान हाई कोर्ट में करेंगी वकालत

- 23 वर्षीय होनहार बेटी मुस्कान सिंगला ने कानूनी क्षेत्र में हासिल की बड़ी उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज ⏭कलायत

कलायत के निर्मल पब्लिक स्कूल में पढ़ी 23 वर्षीय होनहार छात्रा मुस्कान सिंगला अब हाईकोर्ट में वकालत करेगी। पंजाब एंड हरियाणा उच्च न्यायालय बार काउंसिल में सिंगला ने इनरोलमेंट करवाया है। इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। परिवार, रिश्तेदारों और शहरवासियों ने मुस्कान को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। मुस्कान सिंगला हरियाणा नंबरदार एसोसिएशन के प्रांतीय कोषाध्यक्ष एवं पार्षद संजय सिंगला की भतीजी व युवा समाजसेवी अनिल सिंगला की बेटी हैं। मुस्कान के चाचा एडवोकेट विपुल सिंगला की भी कानूनी जगत में अपनी अलग पहचान है।

### जरूरतमंदों को सही कानूनी सहायता देना है लक्ष्य


एडवोकेट मुस्कान सिंगला

निर्मल पब्लिक स्कूल प्रबंध समिति निदेशक अंकुर निर्रमल व प्रधानाचार्य अरुण कुमार ने कहा कि बचपन से ही मुस्कान पढ़ाई में आगे रही है। स्कूली शिक्षा प्राप्त करने के उपरांत चंडीगढ़ विश्वविद्यालय का रुख किया। विश्वविद्यालय से उन्होंने बीकॉम और एलएलबी की डिग्री हासिल की। मेहनत, लगन और परिवार के सहयोग के बल पर उन्होंने यह मुकाम हासिल किया है। मुस्कान ने कहा कि उनका उद्देश्य न्याय के क्षेत्र में ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य करना है। जरूरतमंद लोगों को सही कानूनी सहायता उपलब्ध करवाना है। उनकी इस सफलता से क्षेत्र की बेटियों को भी प्रेरणा मिलेगी कि मेहनत और आत्मविश्वास से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। कानूनी क्षेत्र में मुस्कान की इस उपलब्धि को शहर के गणमान्य लोगों, सामाजिक संगठनों और आम लोगों ने गर्व का क्षण बताया है।

# करोड़ा में सावरकर जयंती पर हुई पोस्टर प्रतियोगिता

- कार्यक्रम में युवाओं को दिलाई नशा मुक्ति की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭राजौंद

युवा एवं खेल मंत्रालय,भारत सरकार के तत्वावधान में गांव करोड़ा में वीर सावरकर जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें बच्चों एवं युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नीलम देवी उपस्थित रहीं। उन्होंने वीर विनायक दामोदर सावरकर के जीवन और उनके राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि युवाओं को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित बच्चों एवं युवाओं को नशा मुक्त भारत अभियान के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान स्वयंसेविका कविता रानी ने युवाओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में नशा देश की युवा पीढ़ी को बर्बादी की ओर ले जा रहा है, जिससे उनका जीवन और करियर प्रभावित हो रहा है।



राजौंद। कार्यक्रम में भाग लेते हुए। फोटो: हरिभूमि

### ये रहे उपस्थित

उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि यदि बच्चों में भी नशे की लत बढ़ेगी तो देश का भविष्य अंधकारमय हो जाएगा। इसलिए सभी को संकल्प लेना चाहिए कि न तो स्वयं नशा करेंगे और न ही किसी को करने देंगे, बल्कि दूसरों को भी इससे दूर रहने के लिए प्रेरित करेंगे। इस दौरान मेरा युवा भारत के स्वयंसेवक रीनू,युवा मंडल अध्यक्ष श्रीमती कविता, विदुर सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# जल की हर बूंद की कीमत समझें लोग: राजेश

- पहला कदम फाउंडेशन ने चलाया जल संरक्षण अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

जल संकट की बढ़ती समस्या को देखते हुए पहला कदम फाउंडेशन ने राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश वशिष्ठ के नेतृत्व में व्यापक जल बचाव अभियान का आयोजन किया। पर्यावरण संरक्षण और जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता फैलाने के उद्देश्य से चलाए गए इस अभियान में नुक्कड़ नाटक, रैलियों और जनसभाओं के माध्यम से आम जनता को जल के महत्व और उसके संरक्षण की आवश्यकता के बारे में जागरूक किया गया। वशिष्ठ ने कहा कि जल का अत्यधिक दोहन आज एक गंभीर समस्या बन चुका है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि समय रहते इस पर नियंत्रण नहीं किया गया तो आने वाली पीढ़ियों को भीषण जल संकट का सामना करना पड़ेगा। जल जीवन का आधार है और इसका संरक्षण हर नागरिक का कर्तव्य है। हम सभी को यह समझना होगा कि पानी की हर बूंद कीमती है और इसे बर्बाद करना अपराध के समान है।



जींद। जल बचाने का संदेश देते हुए बच्चे। फोटो: हरिभूमि

### जल बचाव जरूरी

राजेश वशिष्ठ ने स्पष्ट किया कि इस अभियान का उद्देश्य केवल संदेश देना नहीं है बल्कि लोगों की सोच और व्यवहार में बदलाव लाना है। जब तक हर व्यक्ति जल बचाने की जिम्मेदारी नहीं समझेगा और अपने दैनिक जीवन में इसे लागू नहीं करेगा, तब तक यह अभियान अधूरा रहेगा। यह नारा अभियान का मूल मंत्र बन गया है। फाउंडेशन ने घोषणा की कि आने वाले महीनों में यह अभियान हर जिले और गांव तक पहुंचाया जाएगा ताकि जल संरक्षण को एक जनआंदोलन का रूप दिया जा सके।

# भाजपा राज में महंगाई बनी परेशानी : हंस

- कांग्रेस विधायक बोले — रोजगार के अभाव में प्रदेश छोड़ने को मजबूर हो रहे युवा

हरिभूमि न्यूज ⏭सीवन

विधायक देवेंद्र हंस ने एक पत्रकार वार्ता के दौरान भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश में बढ़ती बेरोजगारी और महंगाई ने आम जनता, विशेषकर युवाओं की स्थिति चिंताजनक बना दी है। रोजगार के अवसर कम होने के कारण बड़ी संख्या में युवा दूसरे राज्यों और विदेशों की ओर पलायन करने को मजबूर हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने युवाओं को रोजगार और बेहतर भविष्य के बड़े-बड़े सपने दिखाए थे, लेकिन आज शिक्षित युवा नौकरी के लिए दर-दर भटक रहे हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं में देरी और रोजगार के सीमित अवसरों के कारण युवाओं में निराशा बढ़ रही है। देवेंद्र हंस ने कहा कि दूसरी ओर महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है। घरेलू गैस सिलेंडर, बिजली, पेट्रोल-डीजल और खाद्य पदार्थों के दाम बढ़ने से आम परिवारों का बजट बिगड़ चुका है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में उद्योगों और नए रोजगार के अवसरों की कमी के कारण युवा अपने ही राज्य में भविष्य सुरक्षित नहीं देख पा रहे। परिवार बच्चों को विदेश भेजने के लिए मजबूर हो रहे हैं, जो सरकार की नीतियों की विफलता को दर्शाता है। विधायक ने कहा कि सरकार को प्रचार की बजाय युवाओं को रोजगार, किसानों को राहत और आम जनता को महंगाई से राहत देने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए।


सीवन। पत्रकारों से बात करते हलका विधायक देवेंद्र हंस समर्थकों के साथ।

## उच्च न्यायालय के आदेशानुसार अतिथि अध्यापकों को पक्का करे हरियाणा सरकार : जोगेंद्र लोहान

**जींद।** हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन (हसला) ने उच्च न्यायालय के अतिथि अध्यापकों को नियमित करने के फैसले का स्वागत किया है। जिला प्रधान जोगेंद्र लोहान ने कहा कि यह फैसला 20 वर्षों से हरियाणा के विद्यालयों में सेवारत अतिथि अध्यापकों को राहत प्रदान करेगा। उन्होंने बताया कि 2005 में अध्यापकों की कमी के कारण सरकार द्वारा अतिथि अध्यापक भर्ती किए गए थे। भर्ती से संबंधित पूरी प्रक्रिया सरकार द्वारा निर्धारित की गई थी लेकिन पिछले 20 वर्षों से इन अध्यापकों का शोषण किया जा रहा है। वर्ष 2014 में सरकार द्वारा कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने की नीति बनाई गई। जिसको लेकर अतिथि अध्यापकों द्वारा न्यायालय की शरण ली गई। उच्च न्यायालय द्वारा नीति को रद्द करने के कारण मामला लटक गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

## नई व पुरानी अस्पताल बिल्डिंग में जगह-जगह लगाए गए हैं सजेशन बॉक्स

# सुझाव बॉक्स के आधार पर नागरिक अस्पताल में मिलेंगी सुविधाएं

- सजेशन बॉक्स में मिले सुझावों के आधार पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने की कवायद

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल की नई व पुरानी बिल्डिंग में मरीजों और परिजनों की सुविधाओं को मजबूत बनाने के उद्देश्य से सुझाव बॉक्स (सजेशन बॉक्स) लगाए गए हैं। जिससे आमजन अपनी शिकायतें और सुझाव लिख कर इस बॉक्स में डाल सकते हैं।

इन सुझाव बॉक्स में लोगों ने अपने सुझाव लिख दिए हैं। जिस भी वार्ड के आगे सजेशन बॉक्स लगा है, उसे खोल कर वहां मिले सुझावों के आधार पर उन पर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



जींद। नागरिक अस्पताल में इमरजेंसी वार्ड के पास लगाए गए सजेशन बॉक्स में डाले गए सुझाव। फोटो: हरिभूमि

### अस्पताल में प्रतिदिन आते हैं हजारों लोग

नागरिक अस्पताल में ओसतन 1800 तक की ओपीडी होती है। सोमवार को यह आंकडा दो हजार पार कर जाता है। गंभीर मरीजों के लिए इमरजेंसी वार्ड पुरानी बिल्डिंग में है। इसके अलावा ओपीडी नई बिल्डिंग में की जाती है। पुरानी व नई बिल्डिंग में सौ-सौ बैड हैं। हर दिन मरीज उपचार के लिए चिकित्सकों, स्वास्थ्य स्टाफ से उलझते देखे जाते हैं। ऐसे में अधिकतर मरीज अपनी शिकायतें अधिकारियों तक नही पहुंचा पाते। जिसके चलते अस्पताल अधिकारियों तक स्वास्थ्य स्टाफ की कमियां नही मिल पाती हैं। इसके अलावा स्वास्थ्य सुधार प्रक्रियाओं को भी तेजी नही मिल पाती है। अस्पताल में आने वाले मरीज बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर फीडबैक दे सकें, इसके लिए सजेशन बॉक्स लगाए गए हैं।

### सजेशन बॉक्स होंगे ओपन, की जाएगी कार्रवाई

सजेशन बॉक्स में लोगों ने अपने सुझाव लिख दिए हैं। अस्पताल में लगाए गए सजेशन बॉक्स में मरीजों व तिमारदारों ने अपने सजेशन लिख दिए हैं। अब इन सजेशन बॉक्स को खोला जाएगा। स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार सजेशन बॉक्स में आने वाले हर सुझाव को गंभीरता से लिया जाए और उसके आधार पर तत्काल सुधारात्मक कदम उठाए जाएं।

### फीडबैक के आधार पर होगी समीक्षा: डा. पूनिया

अस्पताल के प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. रघुवीर पूनिया ने बताया कि अस्पताल प्रशासन ने साफ किया है कि सुझाव बॉक्स में मिले फीडबैक के आधार पर तत्काल समीक्षा की जाएगी। जल्द ही इन सजेशन बॉक्स को खोला जाएगा। स्वास्थ्यकर्मियों की विशेष बैठक बुला कर इन सुझावों पर अमल की रूपरेखा तैयार की जाएगी। इससे न केवल स्वास्थ्य सुविधाओं में पारदर्शिता बढ़ेगी बल्कि मरीजों का विश्वास भी मजबूत होगा। यह पहल जिले के अन्य अस्पतालों के लिए भी मिसाल बन सकती है। ऐसी छोटी-छोटी पहलों से ही बड़े बदलाव संभव हैं।